>

Title : Need to provide alround facilities in Seemachal Express running between Delhi and Araria, Bihar.

श्री प्रदीप कुमार सिंह (अररिया): सभापति महोदय, मैं आपका आभार व्यक्त करना चाहता हूं कि आपने मुझे इस लोक महत्व के मुद्दे पर बोलने का अवसर प्रदान किया। मैं अपने संसदीय क्षेत्र अररिया से चलने वाली सीमांचल एक्सप्रेस में ए.सी. डिब्बे तथा रसोई यान लगाने की आवश्यकता की ओर ध्यान दिलाना चाहता हूं, क्योंकि इस ट्रेन में न भोजन की व्यवस्था है, न कोई रसोई यान है और न ही कोई अलग से प्रथम श्रेणी या द्वितीय श्रेणी ए.सी. डिब्बे का प्रावधान है।

19.00 hrs.

महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र अररिया पड़ोसी देश नेपाल से सटा हुआ सीमावर्ती इलाका है और हमेशा सैलानियों का आना-जाना उस क्षेत्र से होता है। देश की राजधानी दिल्ली तक आने के लिए वहां से मात्र एक ट्रेन है, जो नेपाल की सीमा के निकट जोगबनी से अररिया होते हुए दिल्ली तक आती है। यह हास्यास्पद बात है कि इस ट्रेन में एक ही ए.सी. डिब्बा है जिसमें आधा थ्री टियर का है और आधा टू टियर है और उसमें भोजन की भी व्यवस्था नहीं है। इस ट्रेन को आने-जाने में में 24 घंटे से अधिक समय लगता है। उस ट्रेन में सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं है। अभी 15 दिन पहले उस ट्रेन में डकैती हो गयी।

मैं आपके माध्यम से सरकार और माननीय मंत्री से कहना चाहूंगा कि अलग से फर्स्ट टियर, टू टियर और थ्री टियर ए.सी. बोगी का प्रावधान किया जाए। इस ट्रेन में स्लीपर के मात्र चार डिब्बे हैं, अलग से स्लीपर के चार डिब्बे और लगाने की मांग करता हूं। लोगों को आने-जाने में काफी दिक्कतें होती हैं, पूरे रास्ते भर लोगों को भूखे आना पड़ता है, रास्ते में यात्रियों को स्टेशनों पर उतरकर भोजन करना पड़ता है, जिसकी वजह से कभी-कभी उनकी ट्रेन छूट जाती है। इसलिए मैं आपके माध्यम से आग्रह करूंगा कि इस ट्रेन में स्लीपर एवं ए.सी. कोचेज की व्यवस्था एवं खान-पान की व्यवस्था कराने की कृपा करें।